# कोटा विश्वविद्यालय, कोटा

महाराव भीमसिंह मार्ग, कबीर सर्किल के पास, कोटा (राज.)

क्रमांक– एफ 9(   )परीक्षा/कोविको/2020/4079 दिनांक–16.12.2020

## पूरक परीक्षा– 2020 के आवेदन पत्र भरे जाने हेतु विज्ञप्ति

विश्वविद्यालय द्वारा वर्ष 2020 की मुख्य परीक्षा में बी.ए., बी.एससी. बी.कॉम, बी.एससी. (बायोटेक, माइक्रोबायोलॉजी) तथा बी.सी.ए भाग–तृतीय के पूरक घोषित पात्र अभ्यर्थियों से पूरक परीक्षा–2020 हेतु निम्न कार्यक्रमानुसार ऑनलाइन पूरक परीक्षा आवेदन पत्र भरवाये जाने है।

कोविड–19 के संक्रमण के कारण मुख्य परीक्षा–2020 में प्रविष्ठ होने से वंचित परीक्षार्थी को ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन बिना परीक्षा शुल्क के विश्वविद्यालय में करवाना अनिवार्य है। ताकि ऐसे सभी परीक्षार्थियों को पूरक परीक्षा के साथ विश्वविद्यालय द्वारा अनुमति जारी की जा सके।

| क्र. सं. | शुल्क विवरण | ऑन लाइन रजि. एवं पूरक परीक्षा शुल्क जमा करवाने की तिथि | सम्बन्धित महाविद्यालय में चालान एवं अंकतालिका की प्रति सहित परीक्षा आवेदन पत्र की हार्डकॉपी जमा कराने की तिथि |
|---|---|---|---|
| 1. | साधारण शुल्क के साथ | 17.12.2020 से 22.12.2020 | 17.12.2020 से 04.01.2021 तक |
| 2. | रू. 100/– विलम्ब शुल्क के साथ | 23.12.2020 से 25.12.2020 तक | |
| 3. | पूरक परीक्षा के शुल्क के बराबर विलम्ब शुल्क के साथ | 26.12.2020 से 30.12.2020 तक | |

***नोटः***–ऐसे छात्र जो अनिवार्य (Compulsory) प्रश्न पत्र/पत्रों में अनुत्तीर्ण घोषित हुए हैं किन्तु वैकल्पिक (Optional) विषयों में उत्तीर्ण हैं, उन्हें भी अपना बकाया अनिवार्य प्रश्नपत्र पूरक परीक्षा के साथ देना है। ***पूरक परीक्षा समय सारणी एवं इससे सम्बन्धित अन्य जानकारी प्राप्त करने हेतु छात्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट अवश्य देखते रहें।***

**विशेष महत्वपूर्ण निर्देशः–**

1. परीक्षा आवेदन पत्र भरने सम्बन्धी विस्तृत निर्देश एवं प्रक्रिया विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.uok.ac.in अथवा www.univexam.org/Uok/ पर उपलब्ध है एवं पूरक परीक्षा से सम्बन्धित समस्त कार्यक्रमों हेतु समय–समय पर छात्र विश्वविद्यालय की वेबसाईट का अवलोकन करते रहें।
2. **परीक्षा शुल्क जमा कराने सम्बन्धी चार्जेज** :– समस्त नियमित, पूर्व छात्र एंव स्वंयपाठी परीक्षार्थियों को निर्धारित परीक्षा शुल्क निम्नानुसार जमा करवा सकते हैं:– (i) ICICI Bank के ऑनलाईन पेमेन्ट गेटवे के माध्यम से निम्नानुसार परीक्षा शुल्क जमा करवा सकते हैः–

| Service Name | Charges (In Rs) |
|---|---|
| Online Payment of Fees through Website of University of Kota **(On ZERO Charges)** | Through Debit Card of any bank : **ZERO** Charges per transaction |
| | Through Net Banking of Any Bank **: ZERO** Charges per transaction |
| **Process flow: Student can visit University Website and click on "ONLINE PAYMENT" tab. The student will be able to pay through any bank debit card or net banking of any bank at ZERO Charges. After successful transaction of fees student can print their examination form from University Website. Thereafter student deposit the form at University/Respective College.** | |

3. पूरक परीक्षा शुल्कः— समस्त नियमित, पूर्वछात्र एवं स्वंयपाठी परीक्षार्थियों का निर्धारित पूरक परीक्षा शुल्क राशि रू. 670/— एवं परीक्षा आवेदन शुल्क राशि रू. 50/— कुल राशि रू. 720/— देय होगा तथा बकाया प्रश्नपत्र की राशि प्रति प्रश्नपत्र राशि रू. 350/— अलग से देय होगा।
4. परीक्षार्थी शुल्क की रसीद की मूल प्रति को पूरक परीक्षा आवेदन पत्र की हार्ड कॉपी की दो प्रतियों के साथ संलग्न कर अन्य आवश्यक दस्तावेजों सहित उपरोक्त कार्यक्रमानुसार सम्बन्धित महाविद्यालय में आवश्यक रूप से जमा करावें। पूर्व विद्यार्थी (Ex-Student) पूरक परीक्षा आवेदन पत्र की हार्डकॉपी को उसी महाविद्यालय में जमा करायें जहाँ वे नियमित (Regular) परीक्षार्थी के रूप में अनुत्तीर्ण घोषित हुए थे एवं स्वयंपाठी परीक्षार्थी पूरक परीक्षा आवेदन पत्र की हार्डकॉपी सम्बन्धित परीक्षा केन्द्र पर जमा करावें।

   **आई.सी.आई.सी.आई. पेमेन्ट गेटवे के माध्यम से ऑनलाईन जमा करवाया गया शुल्क ही मान्य होगा, अन्य किसी माध्यम (जैसे नगद/बैंक ड्राफ्ट/चैक/पोस्टल ऑर्डर आदि) के द्वारा जमा कराया गया पूरक परीक्षा शुल्क किसी भी परिस्थिति में मान्य नहीं होगा ना ही लौटाया जावेगा तथा डाक द्वारा भेजा गया पूरक परीक्षा आवेदन पत्र स्वतः ही निरस्त माना जावेगा।**

5. **परीक्षार्थियों को सूचित किया जाता है, कि वह अपना पूरक परीक्षा आवेदन पत्र भरने से पूर्व अपनी पात्रता सुनिश्चित कर लेवें एवं पूरक परीक्षा आवेदन पत्र सावधानीपूर्वक भर कर पूरक परीक्षा शुल्क जमा करावें। चूंकि परीक्षार्थी के द्वारा स्वंय की गलती से जमा करवाया गया पूरक परीक्षा शुल्क परीक्षार्थी को वापस नहीं लौटाया (Non-Refundable) जावेगा।**
6. छात्र ऑनलाईन परीक्षा आवेदन पत्र की हार्डकॉपी, पूरक परीक्षा शुल्क के चालान की मूल प्रति एवं आवश्यक दस्तावेजों/अंकतालिकाओं की सत्यापित प्रतियों सहित सम्बन्धित महाविद्यालय/परीक्षा केन्द्र पर निर्धारित अवधि में जमा करवाना सुनिश्चित करावें।
7. जिन परीक्षार्थियों का पुनर्मूल्यांकन परिणाम घोषित नहीं किया गया है एवं यदि उनका मुख्य परीक्षा परिणाम पूरक घोषित है, तो निर्धारित प्रक्रियानुसार पूरक परीक्षा हेतु आवेदन करें, यदि कोई परीक्षार्थी निर्धारित तिथि तक आवेदन नहीं करते हैं तो उन्हें आवेदन करने का अवसर नहीं दिया जावेगा।
8. ऑनलाईन पूरक परीक्षा आवेदन पत्र भरने सम्बन्धी कोई समस्या होने पर छात्र हेल्पलाईन नं. 7414071294 पर सम्पर्क कर सकते हैं।



**परीक्षा नियंत्रक**